स्कूल के बाहर धरने पर बैठे ग्रामीण

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के पदमपुर तहसील के गांव 58 एलएनपी में स्कूल के सामने उखड़ी इंटरलॉकिंग सड़क के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उच्च प्राथमिक स्कूल के बाहर धरना दिया। धरने में स्कूल के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए।

ग्रामीणों ने इससे पहले स्कूल के कार्यवाहक प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपा था। इसमें बच्चों को स्कूल नहीं भेजने और टीसी कटवाने की चेतावनी दी गई थी। ग्रामीणों के अनुसार वार्ड नंबर 6 में भूराराम के घर से सरकारी स्कूल तक 1250 फीट इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण दो वर्ष पूर्व हुआ था। बाद में ग्रामीणों के आपसी विवाद और शिकायत पर पंचायत समिति ने छह महीने पहले स्कूल के आगे करीब 235 फीट लम्बी सड़क उखाड़ दी थी।

एक महीने पहले 85 फीट इंटरलॉकिंग बना दी गई, लेकिन शेष 150 फीट सड़क अभी भी उखड़ी पड़ी है। पुरूषोत्तम कुमार, प्रेमचंद, काशीराम सिंगाठिया और देवदत्त सहित ग्रामीणों का कहना है कि बारिश में कीचड़ से परेशानी बढ़ गई है। सड़क के अभाव में बच्चों के गिरकर चोटिल होने का खतरा है।

ग्रामीणों ने कुछ दिन पूर्व स्कूल के प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने बताया कि सड़क में गड्ढे होने के कारण बारिश में बच्चों को आने-जाने में परेशानी होती है। कार्यवाहक प्रिंसिपल हंसराज नैण ने बताया कि ज्ञापन के बारे में हरखेवाला स्कूल के प्रिंसिपल और क्षेत्र के पीईईओ शेषकरण बिश्नोई को जानकारी दी थी। ग्राम पंचायत प्रशासक भैराराम के अनुसार फिर से विवाद के कारण काम रूकवाया गया था।

डेजर्ट एडवेंचर टूरिज्म को लेकर तीन फर्म करेंगी काम : एडीएम

बीकानेर,(कासं)।एडीएम (प्रशासन) रामावतार कुमावत ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणा वर्ष 2024-25 और 2025-26 के क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की। बैठक में कुमावत ने कहा कि बजट घोषणाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। लिहाजा बजट घोषणाओं से संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को व्यक्तिगत रूप से देंखे और अद्यतन अपडेट लेकर

■ **ये फर्में अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में बीकानेर आकर पीपीपी मोड पर कार्य प्रारंभ करेंगी**

ही बैठक में आएं।

बैठक में पर्यटन विभाग की बजट घोषणा को लेकर पर्यटन विभाग के उप निदेशक अनिल राठौड़ ने बताया कि जिले मे डेजर्ट एडवेंचर टूरिज्म को लेकर तीन फर्म लिस्टेड हुई हैं जो अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में बीकानेर आकर रायसर, गेमनापीर, बजरंग धोरा, कतरियासर और लाडेरां में फिजीबिलिटी चैक करेंगी और पीपीपी मोड पर कार्य प्रारंभ करेंगी। राठौड़ ने बताया कि प्रसाद योजना के तहत देशनोक में श्री करणी माता मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर 23 करोड़ की राशि से 1 जून को कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। बीकानेर में नाइट टूरिज्म को लेकर 9.50 करोड़ का प्रोजेक्ट, धार्मिक स्थल जीर्णोद्धार के अंतर्गत 1.70 करोड़ की प्रोजेक्ट लागत से हनुमान मंदिर, 1.62 करोड़ से मुरली मनोहर मंदिर, 1.98 करोड़ से लक्ष्मीनाथ मंदिर, 63 लाख से शीतला माता मंदिर, सूरसागर झील के सौन्दर्यीकरण को लेकर 6,20 करोड़ का प्रोजेक्ट पर्यटन विभाग मुख्यालय, कपिल सरोवर के सौन्दर्यीकरण को लेकर 18 करोड़ का प्रोजेक्ट केन्द्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय को स्वीकृति के लिए भेजा हुआ है।

बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक को एडीएम (प्रशासन) रामावतार कुमावत ने संबोधित किया।

बैठक में एडीएम प्रशासन ने जिला मुख्यालय पर एग्री क्लीनिक, अभिलेखागार में पब्लिक गैलरी, राजकीय म्यूजियम के उन्नयन, गवरी देवी कला केन्द्र की स्थापना, कतरियासर में जसनाथ जी का पैनोरमा, राज्य अभिलेखागार में हिस्टोरिकल स्क्रिप्ट का चरणबद्ध रूप से डिजिटलाइजेशन, मिलिट्स उत्पाद आउटलेट, अटल इनोवेशन स्टूडियो, आदर्श वेद विद्यालय की स्थापना, मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का अपग्रडेशन, कॉलेज में नई किरण नशा मुक्ति केन्द्र, जिला स्तर पर फॉरेन लैंग्वेज कम्युनिकेशन स्किल स्कीम के तहत फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश, जेपनिज, इटालियन, रसियन भाषाओं में सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने को लेकर संबंधित विभाग से अपडेट लेते हुए आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कुमावत ने महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में नॉन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम प्रारंभ, इंजीनियरिंग कॉलेज का उन्नयन कर राजस्थान इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी स्थापित करने, शॉर्दूल स्पोस्ट्स स्कूल में शूटिंग व तीरंदाजी, साइंस सेंटर में इनोवेशन हब्स की स्थापना, डिजिटल प्लानेटेरियम, सेंटर ऑफ एडवांस्ड स्किलिंग एंड करियर काउंसलिंग की स्थापना के लिए कहा।

करंट से मौत, मुआवजे के लिए धरना

नोखा, (कासं)। जीएसएस में काम करते समय करंट की चपेट में आने से बिजली कर्मचारी की मौत हो गई। मुआवजे और स्थानीय प्रशासन की लापरवाही पर कार्रवाई की मांग को लेकर परिजन और ग्रामीण हॉस्पिटल में धरने पर बैठे हैं। पुलिस और प्रशासन बातचीत कर समझाइश का प्रयास कर रहे हैं।

हादसा नोखा के जसरासर थाना क्षेत्र के काकड़ा गांव में रविवार शाम करीब 7 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, ठेका कर्मचारी दानाराम काकड़ा के ग्रिड सब-स्टेशन पर तकनीकी फॉल्ट को ठीक करने का कार्य कर रहे थे। इस दौरान करंट की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर जसरासर एसएचओ संदीप कुमार और हल्का पटवारी भगवंत लोहार मौके पर पहुंचे। शव को नोखा जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

हादसे की जानकारी के बाद परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण हॉस्पिटल पहुंचे। स्थानीय प्रशासन की लापरवाही पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग को लेकर वे धरने पर बैठ गए और शव लेने से इनकार कर दिया। धरने की सूचना पर एसडीएम गोपाल जांगिड़, तहसीलदार चंद्रशेखर टाक, पटवारी भगवंत लोहार सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं जसरासर एसएचओ संदीप कुमार पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर मौजूद हैं। लोगों से बातचीत कर समझाइश का प्रयास किया जा रहा है। पहले दौर की वार्ता में दोपहर 2 बजे तक परिजनों और प्रशासन के बीच कोई सहमति नहीं बन पाई।

सार-समाचार

पेयजल के लिए ज्ञापन सौंपा

चकगर्बी कॉलोनियों में पानी की सुविधा के लिए अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश पुरोहित को ज्ञापन सौंपा।

बीकानेर, (कासं)। सर्व कामगार सेवा संघ राजस्थान के बैनर तले प्रदेशाध्यक्ष भंवर पुरोहित के नेतृत्व में पूगल रोड स्थित चकगर्बी कॉलोनियों में पेयजल सुविधा के लिए संघ का शिष्टमंडल राजेश पुरोहित अतिरिक्त मुख्य अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग बीकानेर से मिला। इस अवसर पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष भंवर पुरोहित ने कहा कि ये चकगर्बी कॉलोनियों में पिछले 10-15 वर्षों से अपने आशियाने बनाकर निवास कर रही है। इन्हें आज तक मुलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है मजदूर, किसान, निम्न मध्यवर्गीय परिवार पेयजल आपूर्ति के लिए 400-500 रूपये में टैंकरों से पानी मंगवाकर अपने परिवार की प्यास बुझाने को मजबूर है। अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश पुरोहित ने चकगर्बी के लोगों को आश्वस्त किया कि अतिशीघ्र इस समस्या का निदान किया जायेगा। इस अवसर पर रमेश चंद्र उपाध्याय प्रदेशाध्यक्ष एकीकृत महासंघ तकनीकी, संघ के आर.एस. हर्ष प्रदेश महामंत्री, देवकिशन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, त्रिलोक भाखर, राजेन्द्र सैन, दुलाराम जाट, भरत सिंह, विनोद रामावत, धीरज सियाग, ताराराम भाट, राजूराम सुथार, प्रहलाद जाखड, देवाराम भाट, भंवरलाल कंस्वा, राजाराम कूकणा सहित उपस्थित थे।

विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण

एमजीएसयू में कुलगुरू मनोज दीक्षित व कुलसचिव अरविंद बिश्नोई व डॉ. मेघना शर्मा ने पौधारोपण किया।

बीकानेर, (कासं)। सावन के अंतिम सोमवार को महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी के इतिहास विभाग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में महर्षि वशिष्ठ भवन के सामने स्थित उद्यान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. मेघना शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कुलगुरू मनोज दीक्षित व कुलसचिव अरविंद बिश्नोई द्वारा सर्वप्रथम पौधा रोपकर सभी को प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए गए। डॉ. मेघना ने इस अवसर पर कहा कि सनातन में प्रकृति पूजा ना केवल एक धार्मिक परंपरा है अपितु एक जीवनशैली भी मानी गई है। सनातन में जहां पृथ्वी को माता माना गया है तो पंचमहाभूत सिद्धांत के तहत पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश की शुद्धता बनाए रखना मनुष्य का नैतिक दायित्व माना गया है। इस अवसर पर प्रथम, द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर्स के विद्यार्थियों ने उद्यान में नीम, शीशम, बोगनवेलिया आदि के पौधे रोपकर उनका लगातार संरक्षण करने का भी संकल्प लिया। आयोजन प्रो. अनिल कुमार छंगाणी, प्रो. राजाराम चोयल, अतिरिक्त कुलसचिव डॉ. बिट्टल बिस्सा, डॉ. गौतम मेघवंशी, डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. प्रगति सोबती, डॉ. अनिल कुमार दुलार आदि शामिल रहे।

नो जोड़ों ने किया रूद्राभिषेक

अनूपगढ़, (कासं)। प्राचीन गढ़ के सामने स्थित गुफा वाले माता के मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार को देवस्थान विभाग द्वारा महा रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 9 विवाहित जोड़ों ने श्रद्धापूर्वक रूद्राभिषेक कर भगवान शिव से मंगलमय जीवन की कामना की। रूद्राभिषेक के दौरान पंडित वेद प्रकाश शर्मा, बुद्धकरण शास्त्री, शंकर पांडे और दीपक शर्मा ने श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा के बारे में बताया।

पीबीएम कैम्पस में पेट स्कैन मशीन लगाने की कवायद शुरू

बीकानेर, (कासं)। आचार्य तुलसी क्षेत्रीय कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केन्द्र में आने वाले मरीजों के लिए राहत भरी दो खबरें हैं। पहली पेट स्कैन की जांच अब संस्थान परिसर में ही हो सकेगी। इसके लिए पीपीपी मोड पर मशीन लगाने की कवायद की जा रही है। दूसरी रेडियो सर्जरी ट्रीटमेंट के लिए मरीजों को जयपुर में एसएमएस स्थित स्टेट कैंसर सेंटर नहीं जाना पड़ेगा। यह सुविधा भी दो-तीन महीने में यही पर विकसित हो जायेगी।

यहां पेट स्कैन की सुविधा अब तक शुरू नहीं हो पाई है। वर्ष 2021-22 मे तत्कालीन सरकार की बजट घोषणा भी थी। इसे लेकर करीब 12-13 करोड़ रूपए के प्रस्ताव भी तैयार किए गए थे, लेकिन पीपीपी मोड पर संस्थान में मशीन लगाने के बजाय इस जांच को आउट सॉर्स कर दिया गया। संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने अब

■ **संभागीय आयुक्त ने अब यह मशीन लगाने के निर्देश मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल को दिए**

यह मशीन इन हाउस लगाने के निर्देश मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल को दिए हैं। सबसे बड़ा फायदा मरीजों को है, जिनकी जांच एक ही दिन में हो जायेगी। अभी उन्हें तीन दिन लगते हैं। एक दिन पर्ची बनवाने में ही लग जाता है। जांच कराने जयपुर रोड पर करीब छह किलोमीटर जाना पड़ता है। ऑटो किराये के 400 रूपए तक खर्च हो जाते हैं।

पेट स्कैन एक प्रकार का इमेजिंग टेस्ट है, जिसका उपयोग कैंसर का पता लगाने, उसकी सीमा निर्धारित करने और उपचार की प्रभावशीलता का आंकलन करने के लिए किया जाता है। यह टेस्ट एक रेडियोधर्मी पदार्थ को इंजेक्ट करके किया जाता है, जो कैंसर कोशिकाओं द्वारा सामान्य कोशिकाओं की तुलना में अधिक अवशोषित होता है, जिससे डॉक्टर को असामान्य क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलती है। यह मशीन कैंसर के इलाज के लिए उपयुक्त मानी जाती है।

डॉ. नीति शर्मा, निदेशक, आचार्य तुलसी कैंसर रिसर्च सेंटर ने बताया कि पेट स्कैन के साथ ही रेडियो सर्जरी से उपचार की सुविधा भी यहां पर विकसित की जा रही है। मरीजों को जयपुर नहीं जाना पड़ेगा।

डॉ. गुंजन सोनी, प्रिंसिपल, एसपी मेडिकल कॉलेज बीकानेर का कहना है कि पेट स्कैन मशीन पीबीएम परिसर में ही लगाने के लिए संभागीय आयुक्त ने कह दिया है। अब सरकार को प्रस्ताव भेजकर स्वीकृति मांगी जायेगी।

ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

बीकानेर, (कासं)। पिछले चौबीस घंटे में ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

बीछवाल थाना क्षेत्र में हुए हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। जिसका शव पोस्टमार्टम के लिए पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया। बीछवाल पुलिस के अनुसार कानासर की तरफ जाने वाले रेल मार्ग पर ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना मिलने पर बीछवाल पुलिस मौके पर पहुंची और खिदमतगार खादिम सोसायटी ओर असहाय सेवा संस्था के सेवादारों की मदद से शव को पीबीएम मोर्चरी मे रखवाया। वृद्ध की पहचान नहीं हो पाई। वो ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे शरीर कई हिस्सों में कट गया। श्रीडूंगरगढ़ में भी ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया है। जिसे बीकानेर रेफर कर दिया गया है।

डिग्गी में डूबने से दो भाईयों की मौत

बीकानेर, (कासं)। संभाग के रावला में पानी में डूबने से दो भाईयों की मौत हो गई। दोनों रिश्ते में मामा-भुआ के बेटे थे। घटना जिले के ग्राम पंचायत खानुवाली के गांव 4 बीडी में शाम 6 बजे की है।

हादसे में रामसिंह (40) और उसके मामा हरीश कुमार के 11 साल के बेटे गोविंद की मौत हो गई। गोविंद को डिग्गी में डूबता देख राम सिंह ने छलांग लगा दी थी। लेकिन वह मिट्टी में फंस गया और बाहर नहीं निकल पाया। 4 बीडी निवासी रामसिंह (40) पुत्र जगदीश खेत में काम कर रहा था। उसी दौरान उसका 11 वर्षीय भांजा गोविंद पुत्र हरीश कुमार भी उसके साथ था। खेत में बनी पानी की बड़ी डिग्गी की सीढियों पर बैठा गोविंद अचानक फिसल गया और पानी में गिर पड़ा। रामसिंह ने यह देख तुरंत डिग्गी में छलांग लगा दी, लेकिन डिग्गी की मिट्टी में धंस जाने के कारण वह भी पानी से

■ **मामा के बेटे को डूबता देख बचाने कूदा था, मिट्टी में धंसता चला गया**

■ **रिश्ते में मामा-भुआ के बेटे थे, ग्राम पंचायत खानुवाली के गांव 4 बीडी में हुआ हादसा**

बाहर नहीं निकल सका। खेत के पास मौजूद अन्य किसानों ने शोर सुनकर मौके पर पहुंचकर लगभग 20 मिनट की मशक्कत के बाद गोविन्द को बाहर निकाला और 365 हैड के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने संदीप सिंह और सुरजीत सिंह के साथ मिलकर रामसिंह की तलाश की।

महिला को बिजली के खंभे से बांधा

बीकानेर, (कासं)। रामपुरा बस्ती इलाके में लोगों ने एक महिला को बिजली के खंभे से बांध दिया। कारों के कांच तोड़ने और बच्चों पर हमला करने जैसी हरकतों से परेशान होकर बस्ती के लोगों ने इस महिला को पोल से बांध दिया। बताया गया है कि यह महिला मानसिक रूप से बीमार है।

अब मुक्ता प्रसाद नगर थाने में लोग इसे दूसरी जगह शिफ्ट करने की गुहार लगा रहे हैं। मामला एसपी कावेंद्र सिंह सागर तक भी पहुंच गया है। मोहल्ला वासियों ने बताया कि यह महिला इसी क्षेत्र की रहने वाली है। इसने पिछले कुछ दिनों से कार के शीशे तोड़ दिए हैं और कुछ घरों में कीचड़ तक फेंक दिया। क्षेत्र के लोगों को डर है कि कहीं बच्चों पर हमला नहीं कर दें।

■ **कारों के कांच तोड़ने और बच्चों पर हमला करने जैसी हरकतों से परेशान होकर बांधा**

छोटे-छोटे बच्चे इसी मोहल्ले से सुबह स्कूल जाते हैं और दोपहर में वापस आते हैं। ऐसे में मोहल्ले वालों ने इस महिला को बिजली के एक खंभे से बांध दिया। महिला ने खम्भे के पास ही लेटकर खुद को छुड़ाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। इस दौरान उसके कपड़े भी खुल गए। बाद में उसे खंभे से खोल दिया।

शिवालयों में रूद्राभिषेक

नोखा, (कासं)। सावन मास के चौथे और अंतिम सोमवार को नोखा में भगवान भोलेनाथ के भक्तों द्वारा जगह-जगह पूजा-अर्चना का दौर चला। मंदिरों और घरों में हर-हर महादेव की गूंज सुनाई दी।

नोखा नगर पालिका द्वारा निर्मित और निराश्रित गौवंश सेवा समिति द्वारा संचालित रायसर रोड पर स्थित नंदीशाला के शिवालय में विशेष पूजा का आयोजन किया गया। शिवभक्तों ने यहां दूध, दही और गन्ने के रस से रूद्राभिषेक किया। भक्त मंडली के चंद्रप्रकाश झंवर ने बताया कि पंडित बलराम शर्मा के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक संपन्न हुआ। भक्तों ने बिल्वपत्र और पुष्प भोलेनाथ को अर्पित किए। विशेष पूजा अर्चना के साथ भगवान का श्रृंगार किया गया।

पुलिस के हत्थे चढ़ा हथियार सप्लाई का आरोपी

बीकानेर, (कासं)। पुलिस ने अपहरण, हथियार सप्लाई और अवैध कब्जों के मामलों में फरार अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

असलम शाह नामक युवक के खिलाफ कई मामले दर्ज होने के बाद से वो अलग-अलग राज्यों में फरारी काट रहा था। लेकिन छतरगढ़ थाना पुलिस ने उसे हिसार से दबोच ही लिया। अब उससे कड़ी पूछताछ की जा रही है ताकि अपराध के कई मामलों का खुलासा हो सके।

पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर के अनुसार आरोपी असलम शाह निवासी लालसर, थाना जामसर को गिरफ्तार किया गया है। वह चार महीने से फरार चल रहा था। एक मामले में

■ **तीन राज्यों में काटी फरारी, हरियाणा के हिसार से पकड़ा**

■ **आरोपी असलम शाह चार महीने से फरार चल रहा था और पुलिस उसका पीछा कर रही थी**

अवैध हथियार की सप्लाई करने के मामले में उसकी तलाश की जा रही थी, लेकिन वो फरार हो गया। पिछले चार महीने से पुलिस उसका पीछा कर रही है। फरारी के दौरान वह छतरगढ़ से हनुमानगढ़, हिसार, नई दिल्ली और जयपुर जैसे शहरों में घूमता रहा। पुलिस इस दौरान उसका पीछा कर रही थी। उसके संपर्क वाले सभी लोगों पर पुलिस की कड़ी निगरानी थी।

उसने घटना के बाद हनुमानगढ़, हिसार, दिल्ली और जयपुर जैसे जिलों में शरण ली थी ताकि गिरफ्तारी से बच सके। छतरगढ़ थाना पुलिस ने हर तरीके से असलम का पीछा किया और आखिरकार उसे हिसार से दबोच लिया। अब पुलिस ये पता लगाने में जुटी है कि हथियार सप्लाई का उसका काम कितना फैला हुआ है और किन-किन लोगों को हथियार दिया है।

विद्यार्थी परिषद ने परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति पर विरोध जताया

बीकानेर, (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में हाल ही में एक अतिरिक्त कुलसचिव को परीक्षा नियंत्रक जैसे अत्यंत गोपनीय और निष्पक्षता वाले पद पर नियुक्त किए जाने के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से कुलगुरू को ज्ञापन सौंपा गया।

महानगर मंत्री मेहुल शर्मा ने बताया कि अतिरिक्त कुलसचिव कुछ समय पूर्व एक राजनीतिक दल के निजी कार्यक्रम में नेताओं के साथ मंच पर बैठे देखे गए थे, जिससे उनकी निष्पक्षता पर गंभीर संदेह उत्पन्न होता है। यह नियुक्ति न केवल विश्वविद्यालय की साख को धूमिल करती है, बल्कि परीक्षाओं की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े करती है। पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता जो वर्तमान में किसी आधिकारिक राजनीतिक पद पर नहीं

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति के विरोध में कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित को विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमण्डल ने ज्ञापन सौंपा।

हैं, फिर भी लगातार कांग्रेस के मंच संचालन और प्रमुख नेताओं के साथ मंच साझा करते नजर आते हैं।

अब उनकी विश्वविद्यालय में नियुक्ति को लेकर कई सवाल उठने लगे हैं। विभाग संयोजक मोहित जाजड़ा ने बताया कि विश्वविद्यालय में उन्हें अतिरिक्त कुलसचिव के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। जबकि

■ **कांग्रेस नेताओं के साथ मंच साझा करने के आरोप से उठे कई सवाल**

विश्वविद्यालय की अधिसूचना में ऐसा कोई स्वीकृत पद ही नहीं है। इसके बावजूद वे इस कथित पदनाम के नाम पर शासकीय वाहन और अन्य सुविधाओं का नियमित रूप से उपयोग करते हैं।

पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गौरतलब है कि विगत सरकार में हुए रीट पेपर लीक प्रकरण में राजीव गांधी स्टडी सर्कल का नाम भी सामने आया था, जिसके वे राज्य संयोजक बताए जाते हैं। इस संस्था पर रीट से जुड़े मामलों में संलिप्तता के आरोप भी लग चुके हैं, जिससे उनकी भूमिका और अधिक संदिग्ध मानी जा रही है।

16 किलो डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सीमा संकल्प के तहत पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने 16 किलो अवैध डोडा पोस्त के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया।

एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि जिला प्रशासन और पुलिस के संयुक्त प्रयास से युवाओं को नशे के दलदल से बाहर निकालने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस थाना सदर के उप-निरीक्षक सुनील कुमार और उनकी टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक कार से 16 किलो अवैध डोडा-पोस्त बरामद किया। पुलिस ने आरोपी हनुमानगढ़ जिले के गोलूवाला थाना क्षेत्र निवासी महेन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। वह फिलहाल श्रीगंगानगर के गुरूनगर पुरानी आबादी में किराये पर रह रहा था। खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांकः- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 01/08/2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 30/28 के किला नं. 17 में भूखण्ड संख्या का माप 21' गुणा 25'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री प्रवीण कुमार पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार निवासी निमावाली 4 एम एल चक 5 ई छोटी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री प्रवीण कुमार पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार निवासी निमावाली 4 एम एल चक 5 ई छोटी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 30/28 के किला नं. 17 में भूखण्ड संख्या का माप 21' गुणा 25'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 01.08.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 20 के किला नं. 9, 10 में भूखण्ड संख्या 2362 अग्रसैन नगर-थर्ड का माप 30'' गुणा 50'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्रीमती मंजू पत्नी श्री नरेश कुमार निवासी वार्ड नं. 05 संगारिया, हनुमानगढ़ द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती मंजू पत्नी श्री नरेश कुमार निवासी वार्ड नं. 05 संगारिया, हनुमानगढ़ द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 20 के किला नं 9,10 में भूखण्ड संख्या 2362 अग्रसैन नगर-थर्ड का माप 30''गुणा 50'-0'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वत: ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। Rajkaj Ref. No. 16180841 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर
क्रमांक : LU2012/SGN/2025-26/101402 **लोक सूचना** दिनांक : 01-08-2025
श्री कुलदीप कुमार पुत्र श्री राम कृष्ण निवासी 77 मधुवन कॉलोनी, वर्द्ध आश्रम रोड, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का औद्योगिक (कृषि आधारित) प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं. / भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 3 एफ छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्री कुलदीप कुमार पुत्र श्री रामकृष्ण	चक 3 एफ छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 8/6 में 0.0501 हैक्टे. किला नं. 8/7 में 0.0501 हैक्टे. यथाकुल 0.1002 हैक्टेयर	कुल 0.1002 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A for Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 01-08-2025 को जारी की गई। RajKaj Ref No.: 16591698 - प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार
कार्यालय उपनिदेशक, महिला अधिकारिता, बीकानेर
Email-bikaner we@rajasthan.gov.in Ph 0151-2226018
धनलक्ष्मी महिला समृद्धि केन्द्र पंचायत समिति परिसर, बीकानेर
क्रमांक-385 दिनांक-23.07.2025
विज्ञप्ति संख्या-01/2025-26
निदेशालय महिला अधिकारिता, जयपुर के राजकाज रेफरेन्स नंबर 16537177 दिनांक 15.07.2025 की अनुपालना में जिला मुख्यालय पर स्थित गंगाशहर थाना परिसर, बीकानेर में नवीन स्वीकृत महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र संचालन हेतु महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र नियमन अनुदान योजना (संशोधित) 2024 के नियम में वर्णित प्रावधानों अनुसार पात्रताधारी गैर शासकीय संस्थाओं से एतद द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते है। संस्था के चयन का निर्णय जिला महिला समाधान समिति, बीकानेर के माध्यम से किया जायेगा।
आवेदन निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 06.08.2025 शाम 05.00 पी.एम. तक कार्यालय उपनिदेशक, महिला अधिकारिता, धनलक्ष्मी महिला समृद्ध केन्द्र, पंचायत समिति परिसर, बीकानेर में प्रस